Need to make Khari, Banas and Kothari river in Bhilwara Parliamentary Constituency perennial rivers by linking these with Mahi and Chambal rivers

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): देश में कहीं अतिवृष्टि और कहीं अकाल के हालात सामान्य बात है वर्षाऋतु के दौरान कई हिस्सों में अतिवृष्टि के कारण नदियां उफान पर होती है और बाढ के हालात बनने से जन-धन का नुकसान होता है और जहाँ बारिश नही होती है वहां सूखे के कारण से आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ता है । गुजरात में नर्मदा और साबरमती नदी को जोड़ने के कारण से गुजरात विकास में आगे निकल गया वहा के किसानो की आर्थिक स्थिति भी सुद्दढ हुई है, यह सर्व विदित है । मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा से खारी, बनास एवं कोठारी बड़ी नदियां है परन्तु इनमें जल का प्रवाह निरन्तर नही है, पहले यह निरन्तर बहती थी । इन नदियों में पानी का प्रवाह नहीं होने से खेती किसानी प्रभावित हुई है तथा किसानो की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है । राजस्थान में माही एवं चम्बल नदी में पर्याप्त पानी होकर ओवर फ्लो बहता है, मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता हूँ कि नदियों को जोड़ने की योजना में मेरे लोकसभा क्षेत्र की खारी, बनास, कोठारी नदी में जल का प्रवाह निरन्तर हो इसके लिए इनमें कैसे माही एवं चम्बल नदी का ओवरफ्लो का पानी डाला जावे योजना बनाकर शीघ्र कार्यवाही करावे ।